# मैहर के एसडीएम कार्यालय में घुसकर अभद्रता व तोड़फोड़

## पूछताछ के बाद समझाइश देकर महिलाओं को छोड़ दिया गया

**नवभारत न्यूज**

**सतना 9 सितंबर. मैहर में मंगलवार को अचानक उस वक्त हड़कंप मच गया जब कुछ पुरुष और महिलाओं के समूह ने एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय में अभद्रता और धक्कामुक्की करनी शुरु कर दी.**

इस दौरान न सिर्फ एसडीएम के साथ अभद्र व्यवहार किया गया बल्कि दरवाजे पर लगे शीशे को भी फोड़ दिया गया. इस मामले में कुछ लोगों द्वारा महिलाओं को बरगला कर माहौल बिगाड़ने की नियत से भेजे जाने की जानकारी सामने आ रही है.








प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी मैहर श्रीमती दिव्या पटेल हर रोज की तरह मंगलवार को भी अपने कार्यालय में बैठकर काम-काज निबटा रहीं थीं. दोपहर के लगभग 12 बजे कुछ महिलाओं को पुरुषों का समूह एसडीएम कार्यालय पहुंच गया. समूह में मौजूद महिला और पुरुषों ने स्वयं को किसान बताते हुए खाद की समस्या की शिकायत एसडीएम से करने की बात कही. लेकिन इससे पहले कि इन लोगों को एसडीएम चेंबर के अंदर जाने की अनुमति मिल पाती वे धड़धड़ाते हुए अंदर जाने लगे. जिसे देखते हुए वहां पर मौजूद स्टॉफ द्वारा उन्हें रोकने का प्रयास किया गया. लेकिन महिलाओं और पुरुषों ने अभद्रता और धक्कामुक्की शुरु कर दी. इतना ही नहीं बल्कि एसडीएम श्रीमती पटेल के साथ भी अभद्रता की जाने लगी. इसी झूमाझटकी के दौरान चेंबर के दरवाजे पर लगा शीशा भी फूट गया. घटना की जानकारी मिलते ही अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह और नगर पुलिस अधीक्षक मैहर महेंद्र सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए. स्थिति को संभालने के बाद महिलाओं को किनारे करते हुए एक ओर बैठा दिया गया. जबकि कुछ पुरुषों को पुलिस वाहन में बैठाकर सिटी कोतवाली मैहर भेज दिया गया. गौरतलब है कि इस घटना को अंजाम देने के बाद सोशल मीडिया के जरिए यह भ्रम फैलाने का प्रयास भी किया गया कि खाद संकट से परेशान किसानों ने एसडीएम कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ की है.

### बरगला कर भेजा

कुछ देर बाद जब प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से घटना के बारे में पूछताछ की तो दूसरी ही जानकारी सामने आई. महिलाओं ने बताया कि उन्हें गलत जानकारी देते हुए बरगला कर एसडीएम कार्यालय भेज दिया गया था. जिसे देखते हुए महिलाओं को समझाइस देने के बाद छोड़ दिया गया. जबकि कोतवाली ले जाए गए पुरुषों से पूछताछ कर यह जानकारी जुटाई जा रही है कि घटना के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं.

### इनका कहना है

सोन नदी के देवघटा घाट में आज शाम भृत्य के डूबने की सूचना मिली थी। जिसके बाद वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सर्चिंग का काम कुछ समय तक चला लेकिन अंधेरा हो जाने से सर्चिंग रोक दी गई। रविवार की सुबह से सर्चिंग का काम किया जायेगा।

**मयंक तिवारी,**
**प्लाटून कमांडर,**
एसडीईआरएफ

# हंसराज सिंह बनाए गए सतना के एसपी

## अवधेश प्रताप सिंह होंगे मैहर जिले के दूसरे एसपी

**नवभारत न्यूज**

**सतना 9 सितंबर. राज्य शासन के गृह विभाग द्वारा सोमवार की देर रात स्थानांतरण सूची जारी कर दी गई. जिसके अनुसार सतना और मैहर जिले पुलिस अधीक्षक बदल दिए गए.**

पिछले 3 साल से अधिक समय तक पुलिस अधीक्षक सतना रहे आशुतोष गुप्ता का स्थानांतरण भोपाल के लिए कर दिया गया. श्री गुप्ता को नगरीय पुलिस भोपाल जोन 1 का पुलिस उपायुक्त बनाया गया है. जबकि श्री गुप्ता के स्थान पर हंसराज सिंह को सतना जिले का नया एसपी बनाया गया है. हंसराज सिंह इससे पहले इंदौर नगरीय पुलिस जोन 3 में पुलिस उपायुक्त पद पर तैनात थे.



गौरतलब है कि सतना से स्थानांतरित किए गए आयशुतोष गुप्ता और इंदौर से स्थानांतरित होकर सतना आने वाले हंसराज सिंह दोनों ही वर्ष 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं.

इसी कड़ी में राज्य शासन के गृह विभाग द्वारा आदेश जारी करते हुए मैहर जिले के प्रथम पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल का स्थानांतरण श्योपुर के लिए कर दिया गया. श्री अग्रवाल को श्योपुर का एसपी बनाकर भेजा गया है. जबकि उनके स्थान पर अवधेश प्रताप सिंह को मैहर जिले का एसपी बनाया गया है. श्री सिंह मैहर जिले के दूसरे पुलिस अधीक्षक होंगे. इस मामले का भी काबिलेगौर पहलू यह रहा कि मैहर से स्थानांतरित किए जाने वाले और मैहर भेजे जाने वाले दोनों वर्ष 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं.

# कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से पहुंचे कार्यालय

## जामोद का नवाचार पूरे संभाग में अमल में आ रहा है

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 सितम्बर, पर्यावरण की सुरक्षा तथा स्वयं की स्वास्थ्य रक्षा रक्षा के उद्देश्य से सप्ताह में मंगलवार के दिन कमिश्नर बीएस जामोद की पहल पर अधिकारी और कर्मचारी साइकिल से कार्यालय पहुंच रहे हैं.**

यह क्रम लगातार बना हुआ है. सुमंगल साइकिल दिवस पर कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से कमिश्नर कार्यालय पहुंचे. कमिश्नर के साथ संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, उप संचालक खनिज बसंतराम, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह, संयुक्त संचालक पेंशन तथा कमिश्नर कार्यालय के कर्मचारी भी साइकिल से कार्यालय पहुंचे. जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब गुर्जर ई रिक्शा से कार्यालय पहुंचे. इसी तरह अन्य अधिकारियों ने भी कार्यालय पहुंचने के लिए साइकिल और ई रिक्शे का उपयोग किया.







# श्रमिक की बेटी का पुणे में अपहरण एसपी से लगाई गुहार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 सितम्बर, रीवा जिले के सिरमौर थाना अन्तर्गत ग्राम कसिहाई का रावत परिवार मजदूरी के लिये पुणे गया था. जहा उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण किया गया. स्थानीय थाने में शिकायत करने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई. जिसके चलते रीवा एसपी से पीड़ित परिवार गुहार लगाने पहुंचा.**

दिये गये शिकायत पत्र में पीड़ित रामचरण रावत ने बताया कि वह एक कम्पनी में काम कर रहा था. 12 अगस्त की शाम घर में थे तभी कम्पनी के मालिक विपिन मकवाना और उनके आदमियों ने मेरी पुत्री का अपहरण कर लिया जो केवल 14 वर्ष की है. इस घटना के बाद स्थानीय थाना अमलदार कामशेत महाराष्ट्र में शिकायत की गई. लेकिन पुलिस कोई कार्यवाही नही कर रही है. पीड़ित ने बताया कि एक महिला को पुलिस ने पकड़ा भी था उसके द्वारा जानकारी भी दी गई. उसके बाद भी स्थानीय पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की. पीड़ित परिवार रीवा पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग की है. दर्जन भर परिवार के लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया है.

# कलेक्टर ने डिस्ट्रिक्ट रिस्पॉंसिव गवर्नेस ग्रुप का किया गठन

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 9 सितम्बर। कर्मयोगी अभियान अंतर्गत कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा जिला स्तर पर डिस्ट्रिक्ट रिस्पॉंसिव गवर्नेस ग्रुप समिति का गठन किया है।**

समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे तथा नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश होंगे तथा सहायक नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग होंगे। समिति में वन मण्डालाधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीएमएचओ, कार्यपालन यंत्रीलोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महाप्रबंधक जल जीवन मिशन, जिला नोडल एसएमटी सिंगरौली समस्त डीएमटीएस एसमस्त बीएमटीएसए, प्रतिनिधि एनजीओ सीएसओ ग्राम सुधार समिति सदस्य होंगे।



# सिंगरौली रेलवे स्टेशन के शौचालय में महिला से रेप, मामला दर्ज

## जीआरपी कटनी पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 9 सितम्बर। सिंगरौली रेलवे स्टेशन पर महिला यात्री के साथ रेप का मामला सामने आया है। महिला को जीआरपी ने 300 किमी दूर कटनी लाकर एफआईआर दर्ज की और आरोपी वाहन स्टैंड के ठेकाकर्मी को गिरफ्तार कर लिया।**




दरअसल बीते रविवार की रात 25 वर्षीय महिला पति के साथ जबलपुर-इंटरसिटी से सिंगरौली पहुंची। यहां से उन्हें चौपन जाना था। करीब 12:30 बजे पति चाय लेने स्टेशन के बाहर गया और महिला सिंगरौली-बरगवां छोर स्थित शौचालय गई, तभी वाहन स्टैंड के कर्मचारी देवालाल साकेत उम्र 25 वर्ष ने महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। जिसके बात दंपति ने सिंगरौली स्टेशन चौकी में इसकी शिकायत की।

### जबलपुर से महिला एसआई को बुलाया

सिंगरौली स्टेशन चौकी में ऑनलाइन एफआईआर, सीसीटीएनएस व महिला एसआई पदस्थ न होने से पीड़िता की करीब 300 किमी दूर कटनी जीआरपी थाने लाकर एफआइआर दर्ज की गई। कटनी जीआरपी में महिला एसआई न होने से जबलपुर से एसआई संजीवनी राजपूत को कटनी बुलाया गया। संजीवनी ने महिला के बयान लेते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 64, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया। बता दें कि सिंगरौली स्टेशन कटनी जीआरपी थाना क्षेत्र में आता है इसलिए यहां कार्रवाई हुई।

### इनका कहना है

स्टेशन के शौचालय में वारदात हुई है। महिला को कटनी लाकर एफआईआर कराई गई।

**एलपी कश्यप**
**थाना प्रभारी,**
जीआरपी कटनी

# एनसीएल की गृहणियां सीख रहीं जीवन रक्षक प्राथमिक उपचार

## अब तक 4700 से अधिक महिलाओं को मिला प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 9 सितम्बर। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एनसीएल द्वारा गृहिणियों को आपात परिस्थितियों में जीवन बचाने के लिए प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।**

इस कड़ी में कंपनी की सभी परियोजना और इकाइयों में गृहिणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से आयोजित किए जा रहे हैं। एनसीएल द्वारा अभी तक 144 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीएल परिवार की 4727 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।



इन प्रशिक्षण सत्रों में प्रतिभागियों को सीपीआर पुनर्जीवन, सड़क दुर्घटनाओं में तुरंत चिकित्सा सहायता, सांप काटने पर प्राथमिक उपचार, जलने या गंभीर चोट पर त्वरित राहत उपायों के साथ रक्तचाप और सामान्य रोगों की पहचान जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं।


**मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल**

**आर-23, चित्तौड़ कॉम्प्लेक्स के पास, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल-462011**
**दूरभाष : 0755-2552663, 2552662, ई-मेल : bocboard@mp.gov.in**

**निविदा सूचना**

म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल कार्यालय हेतु कम्प्यूटर एवं अन्य हार्डवेयर (ऑल इन वन कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर,लैपटॉप, टैबलेट एवं यू.पी.एस.) आदि सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत फर्मों से ई-निविदा प्रास्तव ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://mptenders.gov.in** के माध्यम से दिनांक **09.09.2025 को दोपहर 03:00 बजे से दिनांक 22.09.2025 की शाम 05:00 बजे तक** आमंत्रित किये जाते हैं। प्राप्त निविदा प्रस्ताव दिनांक 23.09.2025 को दोपहर 12:00 बजे खोले जायेंगे। ई-निविदा की Tender ID-2025_MPBCW_450239_1 एवं Tender Reference Number-MPBOc/Ten./03/09/2025/2031, द्वारा विवरण, प्रपत्र एवं शर्तें **https://mptenders.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/121979/2025 **सहायक सचिव**



**होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र**
**टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान**

**राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम 2025-2026**

**खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, जूनियर विज्ञान में**

इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी छात्रों को 22 और 23 नवंबर, 2025 को भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ (IAPT) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मानक परीक्षा (NSE) (विज्ञान विषयों के लिए) में शामिल होना होगा.

एनएसई में योग्यता प्राप्त करना 2026 के संबंधित अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में भाग लेने की दिशा में पहला कदम है.

**नामांकन के लिए:**
एनएसई- https://www.iapt.org.in (21 अगस्त - 14 सितंबर, 2025)
अधिक जानकारी के लिए- https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

**सीबीसी-48143/12/0007/2526**



**09/09/2025 को जारी परिशिष्ट का शुद्धिपत्र**
26/07/2025 को प्रकाशित फॉर्म G और 26/08/2025 के परिशिष्ट में EOI जमा करने की समय-सीमा बढ़ाने के लिए
जेपी सीमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (CIRP के अंतर्गत)

यह सूचना जेपी सीमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के CIRP के संबंध में बिजनेस स्टैंडर्ड, अमर उजाला, कन्नड़ प्रभा और नवभारत समाचार पत्रों में 26/07/2025 को प्रकाशित फॉर्म G से संबंधित है। प्रारंभ में, रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) जमा करने की अंतिम तिथि 25/08/2025 निर्धारित की गई थी, जिसे बाद में ऋणदाताओं की समिति (CoC) के अनुमोदन से 08/09/2025 तक बढ़ा दिया गया था। उक्त समय-सीमा को 26.08.2025 के परिशिष्ट द्वारा प्रकाशित किया गया था। इसके बाद, COC के अनुमोदन से, उपरोक्त समाचार पत्रों में दिनांक 09/09/2025 के प्रकाशन के माध्यम से EOI जमा करने की अंतिम तिथि 15/09/2025 तक बढ़ा दी गई।

यह स्पष्ट किया जाता है कि कॉर्पोरेट देनदार के लिए 180 दिनों की CIRP अवधि 09.11.2025 को समाप्त हो जाएगी। इसलिए, समाधान योजना जमा करने की अंतिम तिथि, अर्थात 14.11.2025 (09.11.2025 के बाद), NCLT, इलाहाबाद द्वारा दी गई CIRP अवधि के उचित विस्तार के अधीन होगी।

कृपया ध्यान दें कि इस शुद्धिपत्र को 09/09/2025 को जारी परिशिष्ट के साथ पढ़ा जाना चाहिए।

**CMA दीपिका भुग्रा प्रसाद**
समाधान पेशेवर
जेपी सीमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

दिनांक: 10-09-2025
स्थान: दिल्ली
पंजीकरण क्रमांक: IBBI/IPA-003/IP-N000110/2017-2018/11186
ईमेल: Jaypecement.circp@gmail.com



**चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड**

Chola Enter a better life

कॉर्पोरेट कार्यालय : चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी-54 और सी-55, 4, थिरू वी का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गुइंडे, चेन्नई-600032

**कब्जा नोटिस [(परिशिष्ट IV) नियम 8 (1) के तहत]**

जबकि नीचे हस्ताक्षरकर्ता, मेसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत और प्रतिभूति हित [प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नीचे उल्लिखित दिनांक के डिमांड नोटिस जारी किए हैं, जिसमें आपसे उधारकर्ता होने के नाते (नीचे उल्लिखित नाम और पते) उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया है. नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम एवं के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है. विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को एतद् द्वारा उक्त संपत्ति का लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ लेन-देन मेसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधीन होगा, जिसके लिए नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज देय होगा. उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है.

| देनदार का नाम और पता लोन खाता नंबर | डिमांड नोटिस की तिथि | कुल बकाया राशि | अचल संपत्ति का विवरण | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| ऋण खाता संख्या LAP3STA000152636 1. श्री/श्रीमती राहुल गुप्ता 2. श्री/श्रीमती रानी गुप्ता 3. श्री/श्रीमती कन्हैया लाल गुप्ता पता- ग्राम-गुनौर, डाकघर-गुनौर, गुनौर, गुनौर, पन्ना, गुनौर, पन्ना, मध्य प्रदेश 488058 पता- मकान संख्या 564, पुलिस मुख्यालय संख्या-17, नगर पंचायत गुनौर, वार्ड संख्या-11, गुनौर, गुनौर, पन्ना, मध्य प्रदेश, 488059 | 13-06-2025 | रु. 2095449/- (रुपये बीस लाख पिंच्यानवे हजार चार सौ उन्नचास मात्र) 11-06-2025 तक | **स्थल के अनुसार पता-** आबादी भूमि/मकान संख्या-564, पी.एच. संख्या-17, नगर पंचायत गुनौर, वार्ड संख्या-11, गुनौर, पन्ना, मध्य प्रदेश-488059. **दस्तावेज़ के अनुसार पता-** मौजा गुनौर, पी.एच. संख्या-17, नगर पंचायत गुनौर, वार्ड संख्या-11। आबादी खसरा संख्या जेयूजे मकान संख्या-564, तहसील-गुनौर, जिला-पन्ना, मध्य प्रदेश-488059. **सीमाएँ-** योजना/विलेख/लेआउट के अनुसार- पूर्व- सी.सी. रोड, पश्चिम- गुनौर अमानगंज रोड, दक्षिण- रामप्रसाद रायकवार का मकान, उत्तर- राजकुमार पटेल का मकान. **वास्तविक स्थल के अनुसार-** पूर्व- सीसी रोड, पश्चिम- गुनौर अमानगंज रोड, दक्षिण- रामप्रसाद रायकवार का मकान, उत्तर- राजकुमार पटेल का मकान. | 6-9-2025 (कब्जा) |

**स्थान : पन्ना**
**दिनांक : 6-9-2025**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**चोलामंडलम इनवेस्टमेंट और फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**


# लोहरा छांदा के पास पिकअप वाहन से चार भैंस बरामद

## जियावन पुलिस ने वाहन को किया जब्त, चालक की तलाश जारी




**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 9 सितम्बर। जियावन थाना क्षेत्र के लोहारा छांदा के पास पुलिस टीम ने दबिश देते हुये एक पिकअप वाहन से चार मवेशी भैंसों को बरामद कर पिकअप वाहन को जप्त करते हुये आरोपी चालक के तलाश में जुट गई है। भैंसो को कहीं काटने के लिए ले जा रहे थे।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त होने पर ग्राम लोहरा छांदा के पास पिकअप क्रमांक एमपी 66 जेडसी 2280 को रोककर पिकअप में पशु को निर्दयता पूर्वक रस्सी मे बांधकर रखे 4 भैंसों को व पिकअप सहित कुल कीमती 12 लाख रूपये जप्त किया गया। पिकअप का चालक पिकअप को छोड़कर भाग गया है। जप्तसुदा पिकअप एवं 4 भैंसो के साथ थाना वापसी पर आरोपी पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडसी 2280 का चालक के विरूद्ध अपराध धारा-11 पशु क्रूरता अधिनियम 1960 का अपराध पंजीबध्द कर कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह, सउनि मोहनलाल प्रजापति, प्रआर आशीष कुमार द्विवेदी, आर दिनेश कुमार आर अमित कुमार, सौरभ कुमार का योगदान रहा है।


**आवश्यकता है**

सनफ्लैग वरठी भंडारा/नागपुर मे सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है उचाई 5'.7", 8 घंटे डयूटी - 26 दिन, 4 छुट्टी, (डाक्यूमेट के साथ मिले) साथ ही रहने की व्यवस्था.

**संपर्क :- 8855828901 (Soni Sir) 9766188388** 15Sep/25





**स्वामी विवेकानंद कॉलेज, पन्ना**
**डी फार्मा - योग्यता - 12वी (गणित/विज्ञान)**
**कॉलेज लेवल पंजीयन प्रारंभ**
**संपर्क करें :- मोबाइल- 7999404729, 8103282168**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99